महेंद्र रंगा, भा.रा.से.
मुख्य आयुक्त
Mahendra Ranga, IRS
Chief Commissioner

Azadi Ka Amrit Mahotsav

सत्यमेव जयते

G20 भारत 2023 INDIA

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
कार्यालय मुख्य आयुक्त
सीजीएसटी एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क
जयपुर
Government of India
Ministry of Finance
Office of the Chief Commissioner
CGST & Central Excise
Jaipur

D.O. No.: GCCO/TECH/MISC/440/2023

14 सितम्बर 2023

प्रिय साथियों

विषय : संवाद – सितंबर 2023

मुझे दिनांक 21.08.2023 को केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर तथा केंद्रीय उत्पाद शुल्क, जयपुर जोन के मुख्य आयुक्त के रूप में कार्यभार ग्रहण करने पर बेहद खुशी हो रही है। राजस्थान में अपने पूर्व कार्यकाल की सुखद यादें मेरे पास हैं। अपने पिछले अनुभवों को आधार मानकर मैं पुन: आप सभी के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।

2. इस जोन द्वारा माह अगस्त 2023 में रू. 1,708 करोड़ का राजस्व संग्रहित किया गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष के इसी माह की तुलना में 8.45% अधिक है। पिछले वित्त वर्ष की तुलना में माह अगस्त, 2023 तक रुपये 302 करोड़ (3.47%) के राजस्व की वृद्धि हुई है। हमें वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान रुपये 23,300 करोड़ राजस्व संग्रहण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वयं को तैयार करने की आवश्यकता है।

3. मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि सीजीएसटी आयुक्तालय, जयपुर ने मैसर्स आदित्य सेल्स एजेंसीज, जयपुर के विरूद्ध तंबाकू उत्पादों यथा कमला पसंद पान मसाला, राजश्री पान मसाला, सफल जर्दा आदि की जब्ती का रुपये 1.50 करोड़ मूल्य का मामला दर्ज किया है और अब तक लगभग रुपये 52 लाख कर और शास्ति के रूप में वसूल किये गए हैं। इस मामले में 22.63 लाख रुपये की बेहिसाबी भारतीय मुद्रा भी जब्त की गई। इसके अतिरिक्त जयपुर आयुक्तालय ने अब तक 95 लाख रुपये की वसूली के साथ फर्जी इनवाईस के दो मामले भी दर्ज किए हैं। सीजीएसटी आयुक्तालय, जोधपुर ने भी माह अगस्त, 2023 में मैसर्स सीमेंस गेमेसा रिन्यूएबल पावर प्राइवेट लिमिटेड, जैसलमेर के मामले में 7.45 करोड़ रुपये की वसूली की है।

4. डीजीजीआई, जयपुर ने भी पिछले महीने में तीन मामले दर्ज किए हैं। अंतर्निहित माल की आपूर्ति के बिना प्राप्त मार्बल ब्लॉक्स/ लफ़र्स के फर्जी इनवाइसों पर इनपुट टैक्स क्रेडिट का गलत लाभ उठाने के एक मामले में मैसर्स बाबा सुपर मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड और मैसर्स बाबा मिनरल्स लिमिटेड से 15.08 करोड़ रुपये की कर चोरी का पता लगाया और 9.08 करोड़ रुपये की वसूली भी की गई है। इसके अतिरिक्त, मैसर्स राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज, जयपुर द्वारा कर योग्य सेवाएं प्रदान करने के लिए 30.53 करोड़ रुपये की जीएसटी का भुगतान न करने का मामला दर्ज किया गया और 3.64 करोड़ रुपये की वसूली की गयी है। एक अन्य मामला मैसर्स डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के विरुद्ध 22.49 करोड़ रुपये का दर्ज किया गया है। हमें भी इन मामलों पर ध्यान देने की जरूरत है और इन क्षेत्रों में अपनी आसूचना को मजबूत करने की आवश्यकता है।

5. केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड संशोधित और उन्नत ई-एचआरएमएस संस्करण 2.0 को लॉन्च करने पर काम कर रहा है। मैं सभी आयुक्तों से अनुरोध करता हूं कि वे परियोजना के सफल निष्पादन के लिए इस कार्यालय के पत्र दिनांक 29.08.2023 द्वारा सूचित प्रारंभिक कार्य को शीघ्रता से पूरा करें।

6. मैं, श्री राजेश, निरीक्षक, सीजीएसटी, भीलवाड़ा की पहल **'मिशन बरगद'** की सराहना करता हूं। उनकी टीम ने कुचामन सिटी में सीजीएसटी गार्डन और उसके आसपास बरगद के 800 से अधिक पेड़ लगाए हैं। मुझे यह भी ज्ञात हुआ है कि श्री राजेश को नासिन, पालसमुद्रम के लैंडस्केपिंग कार्य के लिए अपने विचार साझा करने के लिए एक बाहरी विशेषज्ञ के रूप में चुना गया है। यह हम सभी के लिए हर्ष का विषय है।

7. मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि सुश्री सीपिका सक्सेना पुत्री श्री प्रकाश सक्सेना, अधीक्षक ने राजस्थान राज्य शूटिंग चैम्पियनशिप में 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में एक स्वर्ण और दो रजत पदक जीते हैं। उन्होंने सीजीएसटी परिवार को गौरवान्वित किया है।

8. मुझे प्रसन्नता है कि मानव संसाधन के मोर्चे पर निरीक्षक से अधीक्षक के ग्रेड में पदोन्नति आदेश जारी किये जा चुके हैं। नव प्रशिक्षित निरीक्षक अक्टूबर माह में टीम में शामिल हो जायेंगे और हम बहुत जल्द अपने प्रमुख परिणाम क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए बेहतर स्थिति में होंगे। हमें बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए स्वयं को और अधिक दृढ़ता के साथ समर्पित करने की आवश्यकता है।

9. मैं, श्री पुरूषोत्तम दास लालवानी, मुख्य लेखाधिकारी, श्री भरत लाल मीना, अधीक्षक एवं श्री भैरू लाल झालावत, अधीक्षक को उनकी सेवानिवृत्ति पर हार्दिक शुभकामनाएं देना चाहता हूं। मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई कि वरिष्ठ अधिकारियों ने श्री लालवानी को समय पर पदोन्नति सुनिश्चित करने के लिए व्यक्तिगत प्रयास किए।

10. **"संवाद"** का प्रकाशन मासिक रूप से किया जाएगा। मैं सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अनुरोध करता हूं कि वे राजस्व रिसाव को रोकने, प्रक्रियात्मक या किसी अन्य सुधार के लिए बेझिझक अपने सुझाव ईमेल cco-tech-jpr@gov.in पर साझा करें।

हिंदी दिवस की शुभकामनाओं सहित,

आपका शुभेच्छु,

(महेंद्र रंगा)

सेवामें: टीम जयपुर जोन

प्रतिलिपि सूचनार्थ:

(i) अध्यक्ष, सीबीआईसी, नई दिल्ली के ओएसडी।

(ii) निजी सचिव, सदस्य (जीएसटी/केंद्रीय उत्पाद शुल्क/सेवा कर एवं जोनल प्रभारी), सीबीआईसी, नई दिल्ली।